# चुनाव में भाजपा का सहारा सरकारी एजेंसियां : तन्खा

## कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राज्यसभा सदस्य विवेक तन्खा एक दिवसीय प्रवास पर रीवा पहुंचे



नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 अप्रैल, राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा को यदि महिला आरक्षण लागू करना है तो वर्तमान की सीटों में करे, इसका हम स्वागत करते हैं. भाजपा सरकारी एजेंसियों का सहारा लेकर चुनाव लड़ती है, इलेक्शन कमीशन भी इनमें से एक है.**

ऐसे में अब इंस्टीट्यूशन से विश्वास उठता जा रहा है. न्यायालय से भी अपेक्षाकृत राहत नहीं मिल पा रही है. एक दिवसीय प्रवास पर रीवा पहुंचे श्री तन्खा ने एक सवाल के जवाब में कहा कि

आप के 7 सांसदों का भाजपा में विलय प्रजातंत्र का मजाक है. किसी पार्टी से राज्यसभा तक पहुंचने के बाद दूसरे में चले जाना अनलीगल है, ऐसा नहीं होना चाहिये. इस तरह के मामले में गोवा हाई कोर्ट का जो फैसला है, उसके विपरीत सुप्रीम कोर्ट में जाएंगे. उन्होंने कहा कि भाजपा तोड़मरोड़ की राजनीति करती है, जो सरासर गलत है. नारी शक्ति को लेकर उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने वर्ष 2023 में ही महिला आरक्षण का समर्थन किया था, लेकिन भाजपा अब इसे परसीमन से जोड़ कर जनता को गुमराह करने का काम कर रही है, जिसका विपक्ष ने विरोध किया और बिल गिर गया. जनता अब भाजपा सरकार के मंसूबे को बखूबी पहचान गई है.उन्होंने बंगाल चुनाव को लेकर कहा कि 4 मई को नतीजे आने है, जिससे सारी स्थितियां स्पष्ट हो जाएंगी. रीवा को लेकर उन्होंने कहा कि रीवा में विकास हो रहा है, अब यहां से हवाई सेवा भी शुरू हो गई है, इससे जनता को लाभ होगा.

### पानी के लिए शहर के 16 वार्डों को देंगे 2 लाख

पानी के लिये पार्षदों के आग्रह पर 16 वार्ड मेंबरों को 2-2 लाख रुपये मैं दूंगा. रीवा से मेरा पुराना नाता है. मेरा बचपन यही बीता है, यहां का व्यंकट क्लब काफी चर्चित है. स्थानीय लोगों के आग्रह पर प्रयास करूंगा कि व्यंकट क्लब में पिंग बाल शुरू हो सके.

# हमरे माथे से इया कलंक कबय मिटी

विंध्य कै समाज का भले लोग पूरानापंथी अउर परम्परावादी कहय,लेकिन हमार मानब इया हय कि जउने मेर से हम पाच्य एक - दूसरे कै सुख-दुख मा जुड़े रहे हयन वा नीक रहा हय. पहिले समाज कै बड़े अउर सब मेर से सक्षम लोग छोट बड़े सब कै बराबर चिंता करत रहे.जंगल,पहार अउर हार मा रहय बारेन का अपने से कुछु नही सोचय का परत रहा. जेखर जेखे घर मा ओरगा रहा वा लड़का बच्चा से लई कै काजे-वियाहे तक का सोचत रहा.जब से सरकार सब कामन मा कमजोरन कै मदद करय लाग.गांव-टोलन कै आपसी मेलजोल कुछु जग्घा बिल्कुल बन्द होइगा ता कहुँ-कहुँ बस बोलचाल तक रहिगा हय. हमी लगत हय की इया राजनीति करय वाले वोट कै खितिर हमी एक-दूसरे से दूरी कइके नीक नाही कीन.जंगल मा रहय वालेन का पूर सहारा छीन गा हय. अब ना ऊं कोहू से सलाह लेय अउर ना कोउ देय जाय.हमू मानित हयन की पहिले शोषन अउर अन्याय ज्यादा रहा हय एखे बादव कमजोर का मोके पर मदद मिल जाय करत रही.अब ता लोग एक-दूसरे कै खोर से निकरत नाही आय.गांव दारी मा राजनीत यति अधिक होइगे. पुरखन कै बनाए ताना-बाना का पूरी तरह से खत्म कर चुके हयन. अब ता स्थिति यति बिगर गेही की उनखे बीच कै नेता उनखे नेरे जाय नाही, जे जात रहा वोहि उनखर दुश्मन बना दीनगा हय. इया नीक ना होय हमी पाच्य का फेर से पहिले कस एक-दूसरे से तालमेल बनाबा चाही.ऐसे की अइसन करय मा ही एक-दूसरे कय भलाई छिपी हबय.इया वोट वाली राजनीति पांच साल मा एक बेरी होत ही.बाद मा सब दिनन हमी पच्य का एक-दूसरे कै नेरे रहय का परत हय. हमी ता लगत हय की मिल जुल कै रहय मा सब मेर कैँ मदद मिल सकत ही.अब कोउ केहू का पहिले कस दबा कै रखि नाही सकय. नियम- कानून कै ऊपर केयू नाही आय चाहे वा मंत्री होय इया सन्तरी अन्याय करके कोउ बच नाही सकय.

भॉखे बनै न बनै बिनु भॉखे

94 डॉ. संजय पयासी

# तेंदुए ने घर में घुसकर बुजुर्ग पर किया हमला, गंभीर

▸ केशलार गांव में छाया तेंदुए का आतंक



नवभारत न्यूज

**सीधी, 25 अप्रैल. जिले के भुईमाड़ थानांतर्गत ग्राम केशलार में शनिवार तड़के तेंदुए ने घर में घुसकर एक बुजुर्ग के सिर पर हमला कर दिया। बुजुर्ग को गंभीर जख्म के चलते सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुसमी में भर्ती कराया गया है।**

घटना के बाद से पूरे गांव में दहशत फैल गई। जानकारी के अनुसार रात करीब 2 बजे तेंदुआ अचानक गांव के एक रिहायशी मकान में घुस गया। घर के भीतर मौजूद परिवार के लोग कुछ समझ पाते, उससे पहले तेंदुए ने 62 वर्षीय बुजुर्ग चैनपति बैस पिता शिवप्रसाद बैस पर हमला कर दिया। हमले में उनके सिर में गंभीर चोटें आई हैं।परिजनों ने बताया कि तेंदुए के घर में घुसते ही चीख-पुकार मच गई, जिसके बाद परिवार के सदस्य किसी तरह अपनी जान बचाकर घर से बाहर निकले। घायल बुजुर्ग को तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भुईमाड़ ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुशमी रेफर कर दिया।घटना की सूचना मिलने पर वन विभाग के वनरक्षक, स्थानीय पुलिस बल तथा ग्राम पंचायत के सरपंच-सचिव मौके पर पहुंचे। हालांकि ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी कई घंटों तक घटनास्थल पर नहीं पहुंचे और घायल परिवार को तत्काल कोई सहायता भी उपलब्ध नहीं कराई गई। ग्रामीणों के अनुसार तेंदुआ करीब 6 घंटे तक घर के अंदर ही बैठा हुआ है, जिससे गांव में भय का माहौल बना रहा । ग्रामीणों ने वन विभाग से तेंदुए को सुरक्षित पकड़ने और प्रभावित परिवार को मुआवजा देने की मांग की है।

### जिपं सीईओ का एसपी को पत्र, साप्ताहिक बाजार का मामला

**सिंगरौली 25 अप्रैल।** जिला पंचायत सिंगरौली के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जगदीश गोमे द्वारा पुलिस अधीक्षक को पत्र जारी कर साप्ताहिक बाजार में व्यवधान उत्पन्न करने वाले नामजद व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। जारी पत्र में उल्लेख है कि ग्राम पंचायत क्षेत्र कचौरा, जनपद पंचायत बैढ़न निवासी आवेदक भोलानाथ शाह वैश्य द्वारा शिकायत प्रस्तुत की गई थी। शिकायत के अनुसार 5 अप्रैल को साप्ताहिक बाजार के दौरान कुछ व्यक्तियों द्वारा बाजार को जबरन रोकते हुए विवाद की स्थिति निर्मित की गई।

# महुआ बीनने गई महिला पर भालू का हमला

## वन विभाग की सतर्कता से बची जान, खोलका टोला में सुबह-सुबह हुई घटना



नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 25 अप्रैल। जिले के खोलका टोला में शुक्रवार की सुबह एक दर्दनाक, लेकिन राहत भरी घटना सामने आई, जहां महुआ बीनने जंगल गई एक महिला पर जंगली भालू ने हमला कर दिया।**

जानकारी के अनुसार 24 अप्रैल की सुबह करीब 7 बजे फूलबाई पिता जमाहिर सिंह रोज की तरह महुआ चुनने जंगल गई थीं, तभी अचानक झाड़ियों में छिपे भालू ने उन पर हमला कर दिया। हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई और मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने किसी तरह शोर मचाकर भालू को भगाया और तुरंत वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम सक्रिय हुई और मौके पर पहुंचकर घायल महिला को तत्काल बैढ़न ट्रामा सेंटर पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल सिंगरौली रेफर कर दिया। डॉक्टरों के मुताबिक महिला की हालत अब स्थिर है और वह खतरे से बाहर है। अस्पताल में उसका इलाज जारी है और डॉक्टरों की टीम लगातार निगरानी कर रही है। घटना की जानकारी मिलते ही वन मंडल अधिकारी और वन परिक्षेत्र अधिकारी पुष्पा सिंह सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी अस्पताल पहुंचे। अधिकारियों ने घायल महिला के परिजनों से मुलाकात कर हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। वन विभाग की ओर से तत्काल आर्थिक सहायता भी प्रदान की गई है और उपचार का पूरा खर्च उठाने की बात कही गई है। साथ ही महिला की देखभाल के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है। इस घटना के बाद वन विभाग ने आसपास के गांवों में अलर्ट जारी कर दिया है। मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है। विभाग ने खास तौर पर महुआ और तेंदूपत्ता सीजन के दौरान जंगल जाने वालों से समूह में जाने, सतर्क रहने और जंगली जानवरों से दूरी बनाए रखने की अपील की है।

### क्षेत्र में जानवरों की गतिविधियां बढ़ी

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस क्षेत्र में पहले भी भालू और तेंदु की गतिविधियां देखी गई हैं, लेकिन इस तरह का हमला लंबे समय बाद सामने आया है। घटना ने एक बार फिर जंगल से सटे गांवों में रहने वाले लोगों की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। फिलहाल वन विभाग स्थिति पर नजर बनाए हुए है और लोगों को जागरूक करने के लिए लगातार अभियान चला रहा है, ताकि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

# सुविधा सर्विसेज का छापा, ड्राई आइस के साथ स्पार्कल मिला

## पुलिस की मौजूदगी में हुई कार्रवाई के खुलासे से बच रही पुलिस

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 अप्रैल, रीवा शहर में एक निजी विद्यालय से महज दस मीटर की दूरी पर संचालित सुविधा सर्विसेज में प्रशासनिक टीम ने दविश देते हुए ड्राई आइस के साथ भारी मात्रा में स्पार्कल की मौजूदगी पाई है. हालांकि पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम ने इसमें क्या कार्यवाही की अभी तक इसका खुलासा नहीं हो पाया है.**

बताया जा रहा है की सुविधा सर्विसेज के संचालक पुष्पराज कुशवाहा द्वारा ड्राई आइस और स्पार्कल सहित अन्य फायरवर्क की सप्लाई मध्य प्रदेश सहित उत्तर प्रदेश के विभिन्न इलाकों में की जाती है. लेकिन जिस रिहायशी इलाके में इसका भंडारण किया गया है वहां ना तो नगर निगम से फायर की एनओसी ली गई है और ना ही फायर सेफ्टी के कोई पुख्ता प्रबंध किए गए हैं. फिलहाल पूरे मामले के संबंध में जानकारी देते हुए कार्यपालिक मजिस्ट्रेट राजीव शुक्ला ने बताया कि सूचना पर प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने सुविधा सर्विसेज में छापा मार कार्यवाही की है, जहां ड्राई आइस के साथ स्पार्कल मौजूद मिला है. बताया गया की स्पार्कल पटाखे की श्रेणी में आता है जिसका भंडारण नियमतः रिहायशी इलाके में नहीं किया जा सकता. फिलहाल प्रशासनिक टीम ने फर्म से जुड़े सभी दस्तावेज तलब किए हैं जिसके आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी.

### वन परिक्षेत्र डभौरा के कोटा जंगल में लगी आग

रीवा जिले के वन परिक्षेत्र डभौरा अंतर्गत कोटा सिन्हर धुरकुच गोंता के जंगल में तीन दिन से भीषण आग लगी हुई है जो जंगल में लगातार फैलती जा रही है जंगल में तीन दिनो से लगी आग की सूचना जिम्मेदार विभाग को भी दी गई है लेकिन अब तक संबंधित विभाग द्वारा आग पर काबू पाने के उचित प्रयास नहीं किए गए हैं. ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि तीन दिन से जंगल में आग लगी हुई है वन विभाग के अधिकारी अभी तक आग बुझाने में नाकाम रहे हैं आग कैसे लगी किन कारणों से लगी इसका पता फिलहाल नहीं चल पाया है. नगर परिषद डभौरा कार्यालय में मौजूद एक फायर ब्रिगेड आग बुझाने में नाकाम सिद्ध हो रहा है अगर समय रहते प्रशासन नहीं जागा तो पूरा जंगल जल कर खाक हो सकता है देखने वाले बात यह होगी प्रशासन इस मामले को लेकर क्या करता है.

# रेडक्रॉस सिंगरौली की वार्षिक बैठक 22 मई, सदस्यों से भागीदारी की अपील

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 25 अप्रैल। इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी, जिला शाखा सिंगरौली की वार्षिक आमसभा आगामी 22 मई को आयोजित की जाएगी।**

यह महत्वपूर्ण बैठक सुबह 10 बजे से केन्द्रीय कार्यालय, जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र भवन, जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर के पास बिलौंजी-बैढ़न में संपन्न होगी। सोसायटी के सचिव द्वारा जारी सूचना के अनुसार बैठक में वर्षभर की गतिविधियों की समीक्षा के साथ-साथ आगामी योजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की जाएगी। आमसभा की विषय सूची में विगत बैठक की कार्यवाही का पुष्टिकरण, वर्ष 2025-26 की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट की प्रस्तुति एवं अनुमोदन, वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंकेक्षित लेखों का अंगीकरण प्रमुख रूप से शामिल हैं।

# जेल में बंद कैदी की मौत पर परिजनों ने लगाए आरोप

## पोस्टमार्टम के पश्चात परिजनों को सौंपा शव



नवभारत न्यूज

**सीधी, 25 अप्रैल. जिला जेल पडरा में बंद पॉक्सो एक्ट के एक आरोपी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत पर परिजनों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। कैदी रजनीश दुबे पिता शशिप्रकाश दुबे उम्र 40 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 3 नगर परिषद चुरहट करीब तीन वर्षों से न्यायिक हिरासत में जेल में निरुद्ध था।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को रजनीश दुबे की अचानक तबीयत बिगड़ गई। उल्टी-दस्त की शिकायत के चलते उसकी हालत तेजी से खराब होती चली गई। जेल प्रशासन ने उसे तत्काल जिला अस्पताल भिजवाया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई।

चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों में भारी आक्रोश देखने को मिला। उन्होंने जेल प्रशासन पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। परिजनों का कहना है कि समय पर उचित उपचार नहीं मिलने के कारण रजनीश की जान गई। उनका आरोप है कि यदि समय रहते बेहतर इलाज की व्यवस्था की जाती, तो उसकी मौत टाली जा सकती थी।

### जेल अधीक्षक ने साधी चुप्पी

जिला जेल अधीक्षक रवि शंकर सिंह ने मामले में बयान देने से इनकार करते हुए कहा कि प्रकरण की न्यायिक जांच चल रही है, इसलिए फिलहाल कोई टिप्पणी नहीं की जाएगी।

### जुडिशियल जांच के बीच पोस्टमार्टम

मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए आज पोस्टमार्टम न्यायिक निगरानी में कराया गया। तीन डॉक्टरों की टीम ने वीडियोग्राफी के साथ पोस्टमार्टम किया। इस दौरान न्यायाधीश विनोद वर्मा एवं मृतक के परिजन भी मौजूद रहे। अब सभी की नजर पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर टिकी है, जिससे मौत के असली कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# कर्थुआ-चितरंगी मार्ग पर बस-ट्रक की टक्कर

▸ ड्राइवरों की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा



नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 25 अप्रैल। जिले के कर्थुआ-चितरंगी मार्ग पर आज शनिवार को बस और ट्रक के बीच हल्की टक्कर की घटना सामने आई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार बस में कई यात्री सवार थे, लेकिन गनीमत रही कि सभी सुरक्षित हैं और किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।**

बताया जा रहा है कि ट्रक साइड लेने के लिए आगे बढ़ रहा था, तभी पीछे का हिस्सा बस से सट गया और टक्कर हो गई। टक्कर होते ही बस में सवार यात्रियों में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई और लोगों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। हालांकि दोनों वाहनों के चालकों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए तुरंत स्थिति को संभाल लिया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

### परिजनों का आरोप गुलेल के पत्थर से हुई मौत

जिले के देवसर क्षेत्र में आपसी विवाद के दौरान एक व्यक्ति की मौत का मामला सामने आया है। मृतक समय लाल बैगा की जान कथित तौर पर गुलेल से मारे गए पत्थर लगने से चली गई। मृतक के पुत्र महेश कुमार बैगा ने आरोप लगाया है कि विवाद के दौरान विरोधियों ने उनके पिता पर गुलेल से हमला किया, जिसमें पत्थर लगने से उनकी मौत हो गई। घटना के बाद से परिजन चीरघर के पास मौजूद हैं और न्याय की मांग कर रहे हैं। इधर जियावन पुलिस कह रही है कि चिकित्सको के अनुसार युवक की मौत हार्टअटैक से हुई है। परिजनों का कहना है कि बीते शुक्रवार की सुबह 10 बजे से वे थाना और अस्पताल के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन 24 घंटे बीत जाने के बाद भी पोस्टमार्टम नहीं हो सका है, जिससे उनमें आक्रोश बढ़ता जा रहा है। परिवार ने प्रशासन से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# व्यवस्थाओं में कमी पाए जाने पर खैरा समिति प्रबंधक को नोटिस के निर्देश

## कमिश्नर ने किया गेहूं खरीदी केंद्रों का निरीक्षण



नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 अप्रैल, रीवा संभाग के सभी जिलों में 15 अप्रैल से समर्थन मूल्य पर गेंहू का उपार्जन शुरू हो गया है. सभी खरीदी केन्द्रों में उपार्जन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई गई हैं.**

खरीदी केन्द्रों में व्यवस्थाओं का जायजा लेने पहुंचे संभागायुक्त बीएस जामोद ने कृषि उपज मंडी करहिया अंतर्गत इटहा तथा खैरा गेंहू खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने किसानों से चर्चा भी की. कमिश्नर ने खरीदी केंद्र में छाया-पानी आदि व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए कहा कि इस भीषण गर्मी में किसान भाईयों के लिए पर्याप्त छाया, शीतल पेयजल और बैठने के लिए कुर्सियों उपलब्ध रहे, इसके लिए व्यवस्थित स्थल का चयन करें जिससे ये सारी सुविधाएं किसानों को आसानी से उपलब्ध हो सकें. कमिश्नर ने खरीदी केंद्रों में अपने समक्ष गेहूं की बोरियों का तौल करवाया तथा निर्देश दिए कि तौल करते समय निर्धारित मानक भर्ती का विशेष ध्यान रखें. इसमें त्रुटि होने पर कार्यवाही होगी. कमिश्नर ने नोडल अधिकारियों को हिदायत दी कि वे सभी खरीदी केंद्रों पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए व्यवस्थाओं पर निगरानी रखें. निरीक्षण के दौरान खैरा खरीदी केंद्र में व्यवस्थाओं में कमी पाए जाने पर प्रभारी समिति प्रबंधक दयाशंकर शुक्ल को कमिश्नर द्वारा नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए.

### कमिश्नर ने सामने मॉइश्चर मीटर से कराई जांच

खरीदी केंद्रों में गेहूं की गुणवत्ता जांचने के लिए कमिश्नर ने अपने समक्ष मॉइश्चर मीटर से गेंहू की जॉच कराई. उन्होने किसानों को समझाइश देते हुए कहा कि अपनी उपज को केंद्र पर लाने से पहले उसे अच्छी तरह साफ कर लें और नमी न हो इस बात का विशेष ध्यान रखें. मानकों के अनुरूप गेंहू में गुणवत्ता होने पर खरीदी प्रक्रिया में तेजी आएगी. कमिश्नर ने तौल कांटों के भौतिक सत्यापन की जानकारी प्राप्त करते हुए खरीदी केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में तौल कांटे उपलब्ध कराने के निर्देश दिए. इस दौरान उन्होंने बारदानों में स्पष्ट रूप से सील लगाने व पर्याप्त मात्रा में बारदानों की उपलब्धता तथा डबल स्टिच पैकिंग कराने के निर्देश दिए. निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी सहित उपार्जन से संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे.

# अधिकारियों को जारी किए नोटिस

नवभारत न्यूज

**मैहर 25 अप्रैल. कलेक्टर बिदिशा मुखर्जी ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का अपेक्षित निराकरण नहीं करने पर नोटिस जारी किया गया है.**

ग्रेडिंग में बी, सी और डी श्रेणी में आने पर संबंधित विभाग प्रमुखों को कारण बताओ नोटिस जारी किये हैं।




स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित. संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99